# खनिजों का हो रहा था अवैध परिवहन उड़नदस्ता ने किए तीन वाहन जब्त

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 3 जुलाई.** जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा गठित उड़नदस्ता लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में उड़नदस्ता ने गुरुवार रात्रि एवं शुक्रवार सुबह विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाकर अवैध खनिज परिवहन में संलग्न तीन वाहनों को जब्त किया है।

प्रभारी खनिज अधिकारी श्री घनश्याम यादव ने बताया कि गुरुवार रात्रि को मेहरा टोल, बिजौली एवं बिलौआ क्षेत्र में वाहनों की जांच के दौरान गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए दो 22-टायर ट्रोले जब्त किए गए। दोनों वाहनों को खनिज सहित संबंधित थाना परिसर में अभिरक्षा में रखा गया है।

उन्होंने बताया कि इसी क्रम में शुक्रवार सुबह चीनोर क्षेत्र में रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली भी जब्त की गई। जब्त किए गए तीनों वाहनों के विरुद्ध प्रचलित नियमों के तहत अर्थदंड की कार्रवाई प्रस्तावित की गई है।

इस कार्रवाई में सहायक खनिज अधिकारी श्री रमाकांत तिवारी के साथ उड़नदस्ता दल के सदस्य तथा सैनिक सुरजीत राणा, हृदयेश जाट एवं हेमंत शर्मा की सक्रिय सहभागिता रही।

## रेलवे ट्रैक से बंदर भगाने की योजना

**ग्वालियर 3 जुलाई.** झांसी मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों और ट्रैकों पर बंदरों के बढ़ते आतंक से परेशान रेलवे प्रशासन ने अब एक बड़ा कदम उठाने का निर्णय लिया है। बंदरों के कारण आए दिन ओवरहेड इक्विपमेंट लाइनें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं और शॉर्ट-सर्किट के चलते ट्रेनों का संचालन बुरी तरह प्रभावित होता है। इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए रेलवे अब ओएचई लाइनों के खंभों पर विशेष 'मंकी एंटी-क्लाइंबिंग डिवाइस' लगाने जा रहा है। इस पूरी परियोजना पर करीब 1.03 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, झांसी से धौलपुर के बीच कई ऐसे स्टेशनों को चिह्नित किया गया है जहाँ बंदरों का भारी उत्पाद रहता है।

# ग्वालियर में मानसून की पहली झमाझम बारिश

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 3 जुलाई.** शहर में मानसून ने धमाकेदार दस्तक दी है। सुबह से ही छाए बादलों के बाद सुबह लगभग 9:45 बजे शुरू

▶ **शहर तरबतर; मौसम विभाग ने जारी किया दो दिन का अलर्ट**

हुई झमाझम बारिश ने पूरे शहर को तरबतर कर दिया। इस बारिश से जहां लोगों को भीषण उमस और गर्मी से बड़ी राहत मिली है, वहीं नगर निगम के दावों की पोल भी खुल गई। जरा सी बारिश में शहर की सड़कों, गलियों और निचली बस्तियों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई।

**दो दिन रुक-रुक कर होगी बारिश**

मौसम विभाग ने आगामी शनिवार तक के लिए 'अलर्ट' जारी किया है। वैज्ञानिकों के अनुसार, राजस्थान व गुजरात से आ रही हवाओं और बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं के मिलन के कारण ग्वालियर और आसपास के राज्यों के ऊपर बादलों का एक बड़ा घेरा बना हुआ है। इसके चलते अगले दो दिनों तक गरज-चमक के साथ मध्यम से तेज बारिश होने की प्रबल संभावना है। बारिश के कारण शहर का अधिकतम तापमान सामान्य से 5 .6 डिग्री कम (32 .5 डिग्री सेल्सियस) तथा न्यूनतम तापमान सामान्य से 1 .6 डिग्री कम (26 .6 डिग्री सेल्सियस) दर्ज किया गया, जबकि आर्द्रता 91 प्रतिशत रही।

# खंभे में उतरा करंट, गौ माता की मौत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 3 जुलाई.** ग्वालियर। शहर के कांच मिल रोड स्थित न्यू कॉलोनी आवास के समीप एक बड़ा हादसा हो गया। यहाँ बिजली के खंभे में करंट उतरने से वहां से

▶ **मौके पर पहुंचे कांग्रेस नेता सुनील शर्मा, कांग्रेस ने बिजली विभाग को घेरा**

गुजर रही एक गाय की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना कॉलोनी क्रमांक 2, स्व. देवेन्द्र तोमर मार्ग पर घटित हुई। इस हादसे ने बिजली विभाग के मेंटेनेंस के दावों की पोल खोल दी है, जिसे लेकर स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश है।

घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस नेता सुनील शर्मा तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने इस घटना को बेहद दुखद और बिजली विभाग की घोर लापरवाही करार दिया। सुनील शर्मा ने कहा, 'जब

इस क्षेत्र में ऐसे हालात हैं, तो बाकी शहर का क्या होगा। यह एक व्यस्त सड़क है, जहां किसी नागरिक या बच्चे की जान भी जा सकती थी।' उन्होंने मौके पर ही बिजली विभाग के अधिकारियों को कड़ी समझाइश देते हुए कहा कि मानसून और बारिश के मौसम से पहले पूरे शहर में मेंटेनेंस का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसे जानलेवा हादसों को रोका जा सके।

# शिक्षा मंत्री के आदेश के बाद भी नहीं मिला उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेश

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 3 जुलाई.** मध्यप्रदेश में शिक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक पारदर्शिता के दावों के बीच एक हैरान करने वाला

▶ **बेटी के भविष्य के लिए दर-दर भटक रहा पिता**

मामला सामने आया है। ग्वालियर के मुरार स्थित शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी विद्यालय क्र. 1 के प्राचार्य पर मनमानी और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने के गंभीर आरोप लगे हैं। स्थिति यह है कि एक बेबस पिता अपनी बेटी के उज्ज्वल भविष्य और स्कूल में दाखिले के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर है।

विकास शर्मा नाम के एक अभिभावक अपनी बेटी कु. निधि भट्ट का दाखिला कक्षा 9वीं में उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1, मुरार में कराना चाहते थे। शुरुआत में जब वे विद्यालय पहुंचे, तो प्राचार्य द्वारा उन्हें बताया गया कि उनकी बेटी का नाम वेटिंग लिस्ट (प्रतीक्षा सूची) में चल रहा है।

परेशान पिता ने जब दाखिले का अन्य रास्ता पूछा और मंत्री कोटे से एडमिशन की बात की, तो प्राचार्य ने कहा, 'भोपाल से लिखवाकर ले आइए।'

**हारकर लिया सीएम हेल्पलाइन का सहारा, अब मुख्यमंत्री से आस-** प्राचार्य के आगे हाथ-पैर जोड़ने और तमाम मिन्नतें करने के बाद भी जब बच्ची का एडमिशन नहीं हुआ, तो हताश होकर विकास शर्मा ने सरकार के अंतिम शिकायत तंत्र का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन में दर्ज करा दी है।

**इनका कहना है...**

पीड़ित विकास शर्मा का कहना है कि जब खुद शिक्षा मंत्री के आदेश को उन्हीं के अधीन काम करने वाले प्राचार्य नहीं मान रहे हैं, तो अब केवल मुख्यमंत्री से ही न्याय की उम्मीद बची है। उन्हें पूरा भरोसा है कि मुख्यमंत्री इसका संज्ञान लेंगे और उनकी बेटी को न्याय दिलाते हुए दाखिले का आदेश जारी करेंगे।

**मंत्री के कार्यालय से जारी हुआ आदेश, फिर भी मुकरे प्राचार्य**

प्राचार्य की बात मानकर विकास शर्मा भोपाल गए और वहां से बकायदा लिखित निर्देश लेकर आए। यह पत्र 'कार्यालय मंत्री, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा, मध्यप्रदेश शासन' की ओर से दिनांक 25/06/2026 को जारी किया गया है। विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (ओएसडी) आलोक खरे के हस्ताक्षरित इस शासकीय पत्र में सीधे तौर पर प्राचार्य, शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी वि.क्र. 1, मुरार, ग्वालियर को संबोधित करते हुए स्पष्ट शब्दों में निर्देशित किया गया है कि 'निर्देशानुसार, कु. निधि भट्ट को कक्षा-9वीं में प्रवेश प्रदान करने का कष्ट करें।' इस स्पष्ट लिखित आदेश के बाद भी पीड़ित पिता को निराशा ही हाथ लगी। अब प्राचार्य का कहना है कि मंत्री कोटे की केवल दो सीटें होती हैं, जो पहले ही फुल हो चुकी हैं। सवाल यह उठता है कि यदि सीटें फुल थीं, तो प्राचार्य ने अभिभावक को भोपाल जाकर आदेश लिखवाने के लिए क्यों कहा? और क्या एक विद्यालय के प्राचार्य के नियम, सूबे के शिक्षा मंत्री के लिखित निर्देश से भी ऊपर हैं.

## बहोड़ापुर में शराबी का हाईवोल्टेज ड्रामा

**ग्वालियर 3 जुलाई.** शहर के बहोड़ापुर इलाके में शराब के नशे में धुत एक सनकी युवक द्वारा जमकर उत्पाद मचाने और महिलाओं के सामने अभद्रता करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी हाथ में पत्थर लेकर एक घर में जबरन घुस गया और वहां मौजूद महिलाओं के सामने ही अपने कपड़े उतारकर निर्वस्त्र हो गया। इस शर्मनाक हरकत से घर और आसपास की महिलाएं असहज हो गईं। पीड़ित गृहस्वामी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। लक्ष्मण तलैया निवासी 60 वर्षीय बलवान सिंह उर्फ बल्लू भदौरिया ने बहोड़ापुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि बीती दोपहर लगभग एक बजे वह अपने घर पर थे। इसी दौरान मोहल्ले का ही शराब के नशे में धुत राजेश तोमर हाथ में बड़ा पत्थर लेकर उनके घर में घुस आया और गाली-गलौज करते हुए मारने दौड़ा। जब बल्लू भदौरिया ने उसे रोकने का प्रयास किया तो आरोपी धक्का-मुक्की करने लगा और देखते ही देखते महिलाओं के सामने अपने कपड़े उतार दिए। शोर सुनकर जुटे मोहल्ले वालों ने जैसे-तैसे शराबी को काबू में कर वहां से भगाया।

# स्वास्थ्य अधिकारियों के बीच हुआ कार्य विभाजन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 3 जुलाई.** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) जिला ग्वालियर डॉ. एम.एस. सागर ने प्रशासकीय कार्यसुविधा की दृष्टि से सीएमएचओ कार्यालय में बड़ा फेरबदल किया है। कार्यालय में पदस्थ विभिन्न स्वास्थ्य अधिकारियों के बीच कार्यों का नया विभाजन करते हुए उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों और योजनाओं का नोडल अधिकारी नामांकित कर कार्यभार सौंपा गया है।

सीएमएचओ ने बताया कि इस कार्य विभाजन का मुख्य उद्देश्य शासकीय कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता लाना है। इससे जिले में संचालित शासकीय कार्यक्रमों और जनहितैषी स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी और आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

**इन अधिकारियों को सौंपी गई ये मुख्य जिम्मेदारियां**

डॉ. पवन जैन (जिला स्वास्थ्य अधिकारी): लीगल शिकायत, टेलीमेडिसिन, पी.सी. एंड पी.एन.डी.टी. तथा हब एंड स्पोक मॉडल। डॉ. जे.एस. राजपूत (जिला परिवार कल्याण अधिकारी): परिवार कल्याण, आयुष्मान योजना, पीएम राहत, शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम, आहरण एवं संवितरण अधिकारी, नोडल अधिकारी स्थापना और बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट। डॉ. मनोज कौरव (जिला महामारी नियंत्रण अधिकारी): आई.डी.एस.पी., एन.पी.सी.सी.एच.एच., व्ही.पी.डी., सूचना का अधिकार एवं रोगी कल्याण समिति (आरकेएस)।डॉ. आर.के. गुप्ता (जिला टीकाकरण अधिकारी): संपूर्ण टीकाकरण कार्यक्रम, आर.बी.एस.के., कार्यालय की डाक, एस.एन.सी.यू. और एन.आर.सी.। डॉ. दीपाली माथुर (जिला महामारी नियंत्रण अधिकारी): मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम, आपदा प्रबंधन, मेडलेपार, एयर एम्बुलेंस, सीएम हेल्पलाइन, जे.एस.वाय./पी.एस.वाय. एवं आर.के.एस.के.। डॉ. विजय पाठक (जिला क्षय अधिकारी): क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम, ओरल हेल्थ, फ्लोरोसिस, तंबाकू नियंत्रण एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम। डॉ. प्रबल प्रताप सिंह (चिकित्साधिकारी): एन.सी.डी. कार्यक्रम, हीमोग्लोबिनोपैथी, मानसिक स्वास्थ्य, कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम तथा नोडल अधिकारी विधानसभा। आई.पी. निवारिया (जिला मीडिया अधिकारी): एम्बुलेंस सेवाएं, इंटीग्रेटेड आर.टी.एस. एवं मोबाइल मेडिकल यूनिट। विजय भार्गव (जिला कार्यक्रम प्रबंधक): वाहन व्यवस्था, एन.एच.एम. एवं अन्य संबद्ध कार्य। हुकुम सिंह राजे (सहायक सांख्यिकी अधिकारी): विभागीय प्रशिक्षण, स्टेशनरी एवं प्रिंटिंग कार्य। रोहन मिश्र (उपयंत्री, एन.एच.एम.): स्वास्थ्य विभाग के भवन एवं समस्त प्रकार के निर्माण कार्य।

# मुरार गर्ल्स कॉलेज में 'दीक्षारंभ' समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 3 जुलाई.** ग्वालियर।विजयाराजे शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुरार में गत बुधवार को नवप्रवेशित छात्राओं के लिए 'दीक्षारंभ समारोह' का गरिमामयी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नव नवागत छात्राओं को महाविद्यालय के शैक्षणिक माहौल से परिचित कराना तथा उन्हें उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करना था।

समारोह का शुभारंभ डॉ. ज्योति उपाध्याय एवं सरला देवी द्वारा नवागत छात्राओं को रोली-चंदन का तिलक लगाकर और आत्मीय स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. श्रीवास्तव ने छात्राओं को कॉलेज की शैक्षणिक उपलब्धियों, कड़े अनुशासन, उपलब्ध संसाधनों और विभिन्न सह-शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने छात्राओं से नियमित अध्ययन करने और कॉलेज की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के समापन पर छात्राओं को महाविद्यालय परिसर, विभिन्न विभागों, समृद्ध पुस्तकालय एवं आधुनिक प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया गया। इस दौरान डॉ. मंजू सिंह वीर, डॉ. दीपा वर्मा, डॉ. मनीषा देशपांडे, डॉ. राजवीर सिंह किरार, डॉ. कंचन सिंह नगेल, डॉ. रूपेश पल्लव एवं डॉ. अवधेश निरंजन ने छात्राओं को महत्वपूर्ण सुविधाओं से अवगत कराया और प्राध्यापकों व स्टाफ सदस्यों से उनका परिचय कराया।

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

शाखा: प्रथम तल जे.के. प्लाजा गस्त का ताजिया चौराहा लश्कर, ग्वालियर-474001 (म.प्र.) फोन : 0751-2421992
E-mail: Gwalio@bankofbaroda.com

**कब्ज़ा नोटिस [नियम 8(1)] अचल संपत्ति के लिए**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गनर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकृत अधिकारी हैं और सुरक्षा हित के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए (प्रवर्तन) नियम 2002, उधारकर्ता को राशि चुकाने के लिए कहने पर डिमांड नोटिस जारी करता है नोटिस में उल्लेख किया गया है कि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर। ऋण लेने वाले राशि चुकाने में विफल रहने पर, ऋण लेने वाले और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया गया है अधोहस्ताक्षरी ने शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा ले लिया है सुरक्षा हित (प्रवर्तन) के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदान किया गया नियम, 2002 के तहत विशेष रूप से उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को लेनदेन न करने की चेतावनी दी जाती है संपत्ति के साथ और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन बैंक ऑफ बड़ौदा के शुल्क के अधीन होगा एक राशि जैसा कि नीचे दिखाया गया है और उस पर ब्याज।

| ऋणी का नाम व पता | संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस दिनांक राशि व कब्जा दिनांक |
|---|---|---|
| ऋणी: मेसर्स सोनी हेल्थकेयर एण्ड डायग्नोस्टिक लैब मालिक: श्री शिवनारायण रामप्रसाद सोनी गारंटर: श्रीमती कविता सोनी | संपत्ति स्वामी - श्रीमती कविता सोनी - 600 वर्ग फुट एरिया वाला रेजिडेंशियल फ्लैट नंबर 405, चौथी मंजिल, देशपांडे कॉम्प्लेक्स, शिंदे की गोठ, लश्कर, ग्वालियर-474009। चतुर-सीमाएँ: पूर्व-जैन मंदिर, पश्चिम: रास्ता, दक्षिण: सीढ़ी/रास्ता, उत्तर: फ्लैट नंबर 404 | मांग नोटिस दिनांक: 27-04-2026 ₹ 51,19,314.53/- +ब्याज एवं अन्य अतिरिक्त खर्चे कब्जा दिनांक: 02-07-2026 |

स्थान: ग्वालियर दिनांक: 03.07.2026 प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा

# डाबर पुदीन हरा ने किया वंडर हर्ब : पुदीने के महत्व को किया प्रतिष्ठित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 3 जुलाई।** आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के लाभों का प्रचार करने के अपने मिशन में आगे बढ़ाते हुए भारत की सबसे बड़ी विज्ञान आधारित आयुर्वेद कंपनी, डाबर इंडिया लिमिटेड ने पुदीना को एक आश्चर्यजनक जड़ी बूटी के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए एक अभियान शुरू किया। आज यहां आयोजित एक कार्यक्रम में इस अभियान की शुरूआत की गयी।

इस मौके पर पुदीना की उपयोगिता को लेकर डॉ. दीपक भदोरिया ने बताया कि पुदीना एंटीऑक्सिडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स युक्त होता है जो मानव पेट के लिए खासकर तेज गर्मी के दौरान चमत्कार कर सकते हैं, गर्म-लहरों और बढ़ते पारा के स्तर की त्वरित आवृत्ति के साथ, गर्मियों के मौसम के

दौरान स्वास्थ्य समस्याएं आम हो गई हैं।

कार्यक्रम में बोलते हुए, ब्यास आनंद, प्रमुख - सीएसआर एवं कॉर्पोरेट कम्युनिकेशनडाबर इंडिया लिमिटेड, ने कहा: 'जीवन शैली में विकसित रुझानों और उपभोक्ताओं के काम का पैटर्न देखने पर पता चलता है कि आज सभी बहु-मुखी कार्य कर रहे हैं और इसलिए उन्हें प्रभावी और प्राकृतिक समाधान की आवश्यकता होती है। डाबर, सबसे भरोसेमंद हेल्थकेयर कंपनी के रूप में, दैनिक स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने के लिए पारंपरिक आयुर्वेद को उपलब्ध कराने के अपने लक्ष्य को मजबूत करता है

डॉ. दीपक भदोरिया, आयुर्वेद फिजिशियन ने आगे कहा, 'आयुर्वेद की पांडुलिपियों में आधुनिक समय की बीमारियों का सबसे अच्छा प्रबंधन गहराई से छिपा हुआ है। पुदीना में मौजूद मेन्थॉल पाचन के लिए जरूरी एंजाइमों को उत्तेजित करता है, पेट की मांसपेशियों को आराम देता है, अपचन और मरोड़ की संभावनाओं को कम करता है।

# सेना के जवान की पत्नी से साइबर ठगी

**ग्वालियर 3 जुलाई.** मुरार कैंट स्थित आर्मी कैंपस में रह रही एक सैन्य कर्मी की पत्नी साइबर ठगी का शिकार हो गई। शातिर ठगों ने लोन पर सब्सिडी दिलाने और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर महिला से कुल 1.04 लाख रुपये ऐंठ लिए। मुरार थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर बिहार के जालसाजों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, आर्मी कैंपस में रहने वाली मोनीगोंग चेंगू यापी जैनपेन (जिनके पति लिंगा जैनपेन सेना में पदस्थ हैं) को पैसों की आवश्यकता थी। उन्होंने लोन के लिए अपने एक परिचित से संपर्क किया, जिसने उन्हें एक मोबाइल नंबर (9006434674) दिया। इस नंबर पर बात करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम रोहित कुमार निवासी बिहार बताया। रोहित ने रांची की एक मुख्य बैंक शाखा से पीड़िता का 4,23,896 रुपये का लोन स्वीकृत करवा दिया, जो 17 जुलाई 2025 को उनके खाते में क्रेडिट भी हो गया।

लोन राशि खाते में आते ही मुख्य आरोपी रोहित ने पीड़िता को झांसा दिया कि इस लोन पर सरकारी सब्सिडी पाने के लिए उन्हें 99 हजार रुपये जमा करने होंगे, जो 6 महीने बाद वापस मिल जाएंगे। रोहित के बहकावे में आकर दंपत्ति ने उसके साथी चंदन कुमार के मोबाइल नंबर (9572962951) पर गूगल पे के माध्यम से दो बार में 99 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आरोपियों ने प्रोसेसिंग फीस के नाम पर 8 हजार रुपये और मांगें, वह भी ट्रांसफर कर दिए गए। खाता चेक करने पर जब सब्सिडी नहीं आई, तब पीड़िता को ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

**सोने की नीलामी की सूचना**

बजाज फाईनान्स लिमिटेड ("BFL");
पंजीकृत कार्यालय: मुंबई-पुणे रोड,
अकुर्दी, पुणे- 411035

BAJAJ FINANCE

ऋणियों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित ऋणियों ने बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद लोन का भुगतान या आवश्यक मार्जिन जमा नहीं किया है। इस कारण, ऋणियों द्वारा लोन के विरुद्ध सुरक्षा के रूप में गिरवी रखे गए सोने की नीलामी "जैसा है, जहाँ है" के आधार पर निम्नलिखित शर्तों के अनुसार की जाएगी: 1. क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (सोने का विवरण एवं सकल वजन) की सम्पूर्ण जानकारी देखें, 2. बोलीदाताओं के लिए सभी नियम एवं शर्तें निम्न लिंक पर उपलब्ध हैं: All about our Terms and Conditions - Bajaj Finance Limited 3. सभी बोलीदाताओं को नीलामी से पूर्व ₹25,000/- की अग्रिम जमा राशि (EMD) ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है; 4. नीलामी स्थल पर प्रातः 10 बजे वैध पहचान एवं पते के प्रमाण के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। नीलामी की तिथि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जाएगा। बोली प्रस्तुत करना उपरोक्त नियमों एवं शर्तों की स्वीकृति माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए wecare@bajajfinserv.in पर संपर्क करें।

(10-08-26): **आष्टा - कन्नौद रोड**; POX6G0L25088379. **बालाघाट - बीजीएल**; PNS9G0L26430425. **बरेली - राठी कॉलोनी**; PCA3G0L25483410, 26187736, 27181052, 28736878. **बैतूल - शर्मा कॉम्प्लेक्स**; PCA4G0L24250490, 24288950, 26465795, 27033142, 29124247. **भोपाल - इमामी गेट**; PF46G0L25903971, 27741245. **भोपाल - इंद्रपुरी**; PF49G0L24908845, 25522327, 25529363, 25507474, 25725797, 28032344, 29162472. **भोपाल - करोंद**; PJD2G0L26841514. (11-08-26) **भोपाल - एमपी नगर**; PCA5G0L9173459, L9872010, 10213247, 17909617. **बीना - इटावा स्टेशन रोड**; PCA6G0L25506259, 25499964, 25487397, 27387226. **बुरहानपुर - अमरावती रोड**; PQE2G0L24125201. **छिंदवाड़ा - परासिया रोड**; PEQ1G0L28336525. **डबरा - मेन रोड**; PKH4G0L26049831, 26058724. **दमोह - मेन रोड**; PQD8G0L23739335, 26749457. **दतिया - सीता सागर**; PMN5G0L26268926. **देवास - एबी रोड**; PGG2G0L25536696, 26993275, 27017944, 27178660, 27762826, 28698013. (12-08-26): **देवास - मां चामुंडा टेकरी**; PQH2G0L26958322. **धामनोद - एबी रोड**; POZ3G0L28669782, 28682940. **धार - इंदौर रोड**; PQD6G0L26271672. **गाडरवारा - इंद्रा वार्ड**; PKA3G0L26101619, 28696843. **गंज बासौदा - मेन रोड**; P02WG0L24688008. **ग्वालियर - बड़ा जीवाजी चौक**; PQT8G0L29127587. **गुना - एबी रोड**; PEH2G0L25447719, 26284626, 27779845, 28274128, 28299020, 28525291. (13-08-26) **ग्वालियर - सिटी सेंटर**; PCA7G0L11515324, 24092327, 24060091, 24246407, 24454200, 25171345, 25464077, 25660094, 26456915, 26435042, 27778924, 28075282, 28719719. **ग्वालियर - गोले का मंदिर**; PJD1G0L25502478, 25668683, 26037417, 26477571, 26783487, 28656117. **ग्वालियर - मुरार**; PHF9G0L27353684. **ग्वालियर - नया बाजार**; PF25G0L24242178, 25142309, 25712325, 27355243, 27409025, 27366060, 28453176. **ग्वालियर - पिंटू पार्क**; PQV3G0L28718575. **ग्वालियर - तानसेन रोड**; PPC9G0L27020087, 27023755. **ग्वालियर - विनय नगर**; PEF2G0L24618974, 26220999, 26414910, 27210466, 27701612, 28048700. **हरदा - बाफना टावर**; PCA8G0L24294044, 26060212. (14-08-26) **होशंगाबाद - मीनाक्षी चौक**; PCA9G0L28683858, 28667890. **इंदौर - मरीमाता स्क्वायर**; POZ2G0L18021821, 24048006, 28343732. **इंदौर - विजय नगर**; PGJ9G0L25845524, 26410019, 27042364. **इटारसी - सराफा बाज़ार**; P03WG0L28716740, 28942758. **जबलपुर - दीनदयाल चौक**; PEH4G0L24089836, 24637631, 24952239, 26418066, 26848427, 27211532, 28264520, 28263528, 28307366, 29141691. **जबलपुर - रद्दी चौकी**; POX3G0L25720878, 26809486, 26798537, 26812539, 26803711. **जबलपुर - राइट टाउन**; PGO3G0L23770731, 28122953, 28307047, 28743664, 28656848. (17-08-26) **कटनी - सुभाष चौक**; POX4G0L26234320, 26479192, 26847807. **खंडवा - शिवाजी चौक**; PCP1G0L26409897, 27739406, 28890375. **महू - हरि फाटक**; PMN4G0L26087259. **मुरैना - शिवनगर**; PJC8G0L23777952, 24476112, 24897232, 26040574, 27551038, 27787159, 28514463, 29063417. **नरसिंहपुर - बीजीएल**; PNT1G0L25167902, 25172383, 27219652, 27737436, 28500663. **नीमच - गांधी वाटिका**; POZ4G0L27000585. **पिपरिया - स्टेशन रोड**; POX8G0L25094840. **पोरसा - बीजीएल**; POA4G0L26052634, 26448690, 28273680, 29089320, 29078745, 29101726. (18-08-26): **रीवा - बीजीएल**; PNR9G0L27769706. **सबलगढ़**; P13PG0L5591433, L5744781. **सागर - मकरोनिया**; PQH1G0L29116790, 29120411. **सागर - परकोटा**; PLL1G0L27001333, 27760927, 28554455. **सनावद - इंदौर खंडवा रोड**; PQD4G0L24237733, 24897274, 27177308, 28311862, 29149030. **सतना - रीवा रोड**; PCP2G0L26987808. **सीहोर - सेकड़ाखेड़ी रोड**; PCP3G0L23735448, 23738224, 24453373, 29071107. (19-08-26) **सिवनी - शक्ति नगर**; POX7G0L25705299, 26184442, 26835043, 28860795. **शहडोल - बीजीएल**; PNT3G0L23812674, 24980110, 25145487, 25096604, 25120992, 26058491, 26224708, 26801054, 28205814, 28475199. **श्योपुर - शिवपुरी रोड**; PLC3G0L29064724. **शिवपुरी - एबी रोड**; PEH3G0L23807589, 24887473, 25078586, 26208433, 26964356, 27397766, 27749305, 27743691, 28686598, 28693880, 28926496. **शुजालपुर - मंडी**; PPG5G0L24904040, 24908607. **सिहोरा - मेन रोड**; PQR5G0L23802805, 26221501. **उज्जैन - फ्रीगंज**; PCP4G0L24078614, 24623586, 24725003, 25717827, 26275960, 26456223, 26421776, 26427278, 27235850, 27527675, 28106995.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**

# सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से डॉक्टर व सीए का सम्मान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 3 जुलाई.** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया तथा वरिष्ठ जनकल्याण उत्थान समिति संयुक्त प्रयास से सन वैली बैंक्वेट हॉल, सिटी सेन्टर, ग्वालियर में राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में चिकित्सा एवं वित्तीय क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान करने वाले लगभग 60 चिकित्सकों एवं 10 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का, स्मृति-चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय प्रमुख धर्मेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में देवेन्द्र प्रताप सिंह तोमर उपस्थित रहे। महेन्द्र प्रभु इस्कॉन मंदिर प्रमुख, नूतन श्रीवास्तव चेयरमेम माधव वृद्ध आश्रम, श्याम श्रीवास्तव, ओम प्रकाश दीक्षित अध्यक्ष आदि अतिथियों ने मंच को सुशोभित किया, इस अवसर पर वरिष्ठ जन कल्याण उत्थान समिति के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह जादौन, सचिव रविन्द्र मोहन सक्सैना, करूणेश दीक्षित उपाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के समाज एवं राष्ट्र निर्माण में दिए जा रहे अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

समारोह का सफल संचालन एवं आयोजन सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया तथा वरिष्ठ जनकल्याण उत्थान समिति के संयुक्त प्रयासों से गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, सम्मानित चिकित्सकों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया।

**समर्पण सेवा एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त**

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ओर से उपस्थित सभी चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का अभिनंदन करते हुए उनके समर्पण, सेवा-भाव एवं उत्कृष्ट पेशेवर योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। इस अवसर पर बैंक द्वारा उपस्थित चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को बैंक की विभिन्न रिटेल एवं एमएसएमई बैंकिंग योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। बैंक के अधिकारियों ने सेन्ट होम लोन, सेन्ट व्हीकल लोन, सेन्ट संजीव